# पाठ - 9

# बादल आये बारिश लाये

---

## बादल आये बारिश लाये

**Q1. अप्पू को कैसे पता लगा कि केले के पेड़ों को पानी चाहिए?**

**उत्तर :** अप्पू ने देखा कि केले के पेड़ मुरझा रहे हैं। जिसे देखकर उसे पता लगा कि केले के पेड़ों को पानी की जरूरत है।

**Q2. तुम्हारे घर के आस-पास के पेड़-पौधों को पानी कहाँ से मिलता है?**

**उत्तर :** हमारे घर के आस-पास के ज्यादातर पेड़-पौधों को पानी बारिश से मिलता है। कुछ पौधों में मैं खुद पानी डालता |

**Q3. अप्पू हाथी ने नदी से जी भर कर पानी पिया। तुमने जानवरों को कहाँ-कहाँ पानी पीते देखा है?**

**उत्तर :** मैंने जानवरों को पानी पीते नदियों, तालाबों और बाल्टियों में देखा है।

**Q4. क्या तुमने कभी किसी जानवर को पानी पिलाया है? अगर हाँ, तो किसको?**

**उत्तर :** हाँ, मैंने गाय और कुत्तों को पानी पिलाया है।

**Q5. जिन जानवरों को कोई पानी नहीं पिलाता, वे पानी कहाँ से पीते हैं?**

**उत्तर :** वे सारे जानवर नदियों, तालाबों, नालों और गड्ढों आदि से पानी पीते हैं।

**Q6. कवि को बादलों में बहुत कुछ दिखा। क्या तुम्हें भी बादलो में कभी कुछ दिखा है? क्या?**

**उत्तर :** हाँ, मैंने भी बादलों में विभिन्न तरह के आकार को देखा है। मैंने घोड़ों, गायों, भैंसों, हवाई जहाजों और राक्षसों आदि के आकारों को बादलों में देखा है।

**Q2. बादल क्या-क्या करते हैं?**

**उत्तर :** बादल हमारे लिए वारिश लाते हैं।

**Q3. बारिश आने पर तुम्हें कैसा लगता है?**

**उत्तर :** बारिश आने पर मुझे खुशी महसूस होती है।

**Q4. बारिश आने पर बादलों के अलावा और क्या-क्या दिखाई देता है?**

**उत्तर :** बारिश आने पर बादलों के अलावा बिजली चमकती दिखाई देती है।

**Q5. क्या तुमने कभी इन्द्रधनुष देखा है? इन्द्रधनुष कब दिखाई देता है?**

**उत्तर :** हाँ, मैंने इन्द्रधनुष देखा है। बारिश के तुरंत बाद इन्द्रधनुष दिखाई देता है।

**Q6. बारिश होने पर क्या-क्या होता है?**

**उत्तर :** बारिश होने पर दिन ठंडा हो जाता है। आकाश बादलों से घिर जाता है। मेढक टने लगते हैं। हमलोग कागज की नाव बनाकर गड्ढों में तैराते हैं।

**Q7. बारिश होने पर नाब बनाने और उसे पानी में चलाने में मजा आता है ना? कागज की नाव बनाओ और उसे पानी में तैराओ।**

**उत्तर :** स्वयं करो।

**Q8. क्या तुमने बारिश में कोई परेशानी झेली है या देखी है? अपने अनुभव के आधार पर चित्र बनाओ।**

**उत्तर :** चित्र स्वयं बनाओ।